शिक्षा निदेशालय,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

मध्यावधि अभ्यास परीक्षा - पत्र 2026-27

कक्षा - XII

विषय गृह विज्ञान (064)

पूर्णांक: 70

समय: 3 घंटे

सामान्य निर्देश

1 सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 इस प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न है।

3 प्रश्न पत्र तीन खंडों - क, ख और ग में विभाजित है।

4 खंड क में प्रश्न संख्या 1 से 14 बहुविकल्पीय प्रश्न है और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

5 खंड ख में प्रश्न संख्या 15 से 21 प्रत्येक दो अंक के हैं और 22 से 25 प्रत्येक तीन अंक के हैं।

6 खंड ग में प्रश्न संख्या 26 से 30 प्रत्येक चार अंक के हैं और प्रश्न संख्या 31 और 32 प्रत्येक पांच अंक के हैं।

7 कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

8 जहां भी आवश्यक हो ,उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर लिखें।

**खंड क (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (KGBV) योजना का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

A) वंचित एवं पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्रदान करना

B) बालक एवं बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करना

C) कन्या भ्रूण हत्या रोकना

D) वृद्ध महिलाओं के लिए आवासीय सुविधा प्रदान करना।
1

2. निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य पदार्थ विकार्य खाद्य पदार्थ है?

A) सूखी दाल

B) ताजा दूध

C) चीनी

D) गेहूँ।
1

3. प्राची 3 वर्षीय बालिका है। इस आयु के बच्चों को क्या कहा जाता है?

A) टॉडलर

B) विद्यालय-पूर्व बालक

C) शिशु

D) किशोर।

1

4. सरकार द्वारा बाल गृह मुख्य रूप से किस आयु वर्ग के बच्चों के लिए स्थापित किए जाते हैं?

A) 0–3 वर्ष

B) 3–18 वर्ष

C) 18–25 वर्ष

D) 1-8 वर्ष

1

5. निम्नलिखित में से किसका उपयोग रोगी की पोषण स्थिति का आकलन करने के लिए मानवमितीय माप के रूप में किया जाता है?

A) रक्तचाप

B) शरीर का वजन

C) हीमोग्लोबिन

D) रक्त शर्करा

1

6. प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) के क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन-सा जीविका का अवसर है?

A) आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

B) बैंक प्रबंधक

C) आहार विशेषज्ञ

D) कोचिंग सेंटर में अध्यापक

1

7 ‘रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान’ का प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

A) एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम को बढ़ावा देना

B) ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की पहचान करना

C) महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण देना

D) बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना

1

8 भारत में वृद्धजनों की जनसंख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A) भारत में अधिकांश वृद्धजन शहरी क्षेत्रों में रहते हैं।

B) भारत में अधिकांश वृद्धजन ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।

C) भारत में वृद्धजनों की संख्या लगातार घट रही है।

D) भारत में 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की संख्या में कमी हो रही है ।
1

9 निम्नलिखित में से आहार चिकित्सा  का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देना

B. रोग की स्थिति में जटिलताओं की रोकथाम करना

C. रोगी को उचित दवाइयाँ देना

D. पोषण संबंधी समस्याओं की व्यापकता का आकलन करना
1

10. वॉयस उपभोक्ता संगठन किस देश से संबंधित है?

A) अमेरिका

B) भारत

C) इंग्लैंड

D) ऑस्ट्रेलिया
1

11. किसी नए व्यवसाय को शुरू करने और जोखिम उठाकर उसे संचालित करने वाले व्यक्ति को –----- कहा जाता है?

A) उद्यमी

B) उपभोक्ता

C) कर्मचारी

D) मध्यस्थ.
1

12. सूची I का सूची II से मिलान कीजिए।

| सूची I अभाव रोग | सूची II पोषक तत्व |
|---|---|
| 1 वी. ए .डी | i आयोडीन |
| 2 आई. डी .डी | ii विटामिन ए |
| 3 आई. डी .ए. | iii प्रोटीन |
| 4 पी .ई. एम. | iv लोहा |

सही विकल्प चुनें:
A) 1-i, 2-iii, 3-ii, 4- iv
B) 1-ii, 2-i, 3-iii, 4- iv
C) 1-ii, 2-i, 3-iv, 4- iii
D) 1-i, 2-iii, 3-ii, 4- iv. 1

13. नीचे दिए गए कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

अभिकथन (A): खाद्य पदाथ को वायुरोधी डिब्बों में रखने से उनकी गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रह सकती है।

कारण (R): वायुरोधी पैकेजिंग खाद्य पदाथ को हवा, और नमी के संपर्क से बचाती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

B) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

C) A सही है, परन्तु R गलत है।

D) A गलत है, परन्तु R सही है।
1

14. नीचे दिए गए कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

अभिकथन (A): सूक्ष्मजीव खाद्य सुरक्षा के लिए रासायनिक खतरा हैं।

कारण (R): सूक्ष्मजीव खाद्य पदाथ के माध्यम से मानव में खाद्य जनित रोग उत्पन्न कर सकते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

B) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।

C) A सही है, परन्तु R गलत है।

D) A गलत है, परन्तु R सही है।
1

**खंड ख (अति लघु एवं लघु उत्तरीय प्रश्न)**

15. क) वैकल्पिक देखरेख  किन परिस्थितियों में आवश्यक हो सकती है?

अथवा.
2

15 ख) एक दिवस देखभाल केंद्र में छोटे बच्चों की किन आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है?

16.क)  रीमा ने एक वस्त्र निर्माण इकाई प्रारंभ की है। अपने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए वह कार्यस्थल पर किस प्रकार का स्वस्थ कार्य परिवेश विकसित कर सकती है? कोई दो उपाय लिखिए।

अथवा
2

16 ख) फरहान को अपनी फैक्ट्री की उत्पादकता बढ़ाने के लिए  सुकार्यकी (Ergonomics) अपनाने की सलाह दी गई। इस के कोई दो लाभ लिखिए।

17.क) विपिन  खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी खाद्य नियंत्रण प्रणाली स्थापित करना चाहता है। इस प्रणाली के प्रमुख अवयवों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा
2

17 ख) राहुल अपने द्वारा तैयार किए गए मसाले का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करना चाहता है। उसे किन्हीं दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानकों के बारे में सुझाव दीजिए।

18. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF-2005) के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) के कोई दो प्रमुख उद्देश्य लिखिए।
2

19. युवा वर्ग में कौन-कौन से चार समूह विशेष रूप से संवेदनशील माने जाते हैं?
2

20. नरगिस को एक समाचार-पत्र में संपादक के रूप में नियुक्त किया गया है। अपना कार्य प्रभावी ढंग से करने के लिए उसे किन दो आवश्यक कौशलों की आवश्यकता होगी?
2

21. पादप रसायन, पोषण औषध से किस प्रकार भिन्न है?
2

22. नेहा एक दूध-प्रसंस्करण इकाई में काम करती है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उसे अपनाए जाने वाले कोई तीन आवश्यक उपाय सुझाएँ।
3

23 क) निम्नलिखित शब्दों को संक्षेप में परिभाषित कीजिए: a) खाद्य विज्ञान b) खाद्य प्रसंस्करण c) खाद्य प्रौद्योगिकी.

अथवा
3

23 ख) खाद्य पदाथ को खराब होने से बचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण की कोई तीन मूलभूत संकल्पनाएँ लिखिए।

24. क) अब्दुल ने प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र में उसके लिए उपलब्ध कोई तीन जीविका के अवसर लिखिए।

अथवा
3

24 ख) जैस्मिन छोटे बच्चों के लिए एक विद्यालय-पूर्व केंद्र प्रारंभ करना चाहती है।बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए उसे किन्ही तीन मार्गदर्शी सिद्धांतों का सुझाव दीजिए।

25. भारत में उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल के स्तर उदाहरण सहित लिखिए।
3

खंड ग (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

26 राधा के परिवार की कई पीढ़ियाँ मिट्टी के बर्तन बनाने का पारंपरिक व्यवसाय करती आ रही हैं। वर्तमान समय में मशीनों से निर्मित उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता के कारण इस व्यवसाय को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

i भारत के किसी एक अन्य पारंपरिक व्यवसाय का उदाहरण दीजिए।

ii पारंपरिक व्यवसायों के लुप्त होने के कोई दो कारण लिखिए।

iii  पारंपरिक व्यवसायों को पुनर्जीवित करने के कोई दो उपाय लिखिए।
1+1+2=4

27 क) दिव्यांशी ने ने पका हुआ भोजन कमरे के तापमान पर दो दिन तक रखा, जिससे उसमें दुर्गंध आने लगी।

i भोजन खराब होने के कोई दो संभावित कारण लिखिए ?

ii भोजन को नष्ट करने वाले किन्हीं दो  सूक्ष्म जीवों के नाम लिखिए।

अथवा
2+2=4

27 ख))सीमा की दादी सर्दियों में मेथी और गोभी को सुखाकर संरक्षण करती हैं।

i  खाद्य पदाथ के संरक्षण की कोई दो अन्य पारंपरिक विधियाँ उदाहरण सहित लिखिए।

ii  संसाधन की सीमा और प्रकार के आधार पर किन्हीं दो प्रकार के संसाधित खाद्य पदाथ के बारे में लिखिए।
2+2=4

28 i खाद्य उद्योग में एच. ए .सी .सी .पी  के महत्व के कोई तीन बिंदु लिखिए।

ii एच. ए. सी. सी. पी का पूर्ण रूप लिखिए l
3+1=4

29.i) “विकास संचार” शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

ii विकास संचार की किन्हीं तीन विशेषताओं के बारे में लिखिए।
1+3=4

30. 60 वर्षीय गोकुल गुर्दे की बीमारी से ग्रसित है और हाल ही में उसकी शल्य चिकित्सा हुई है।

i गोकुल के लिए किस प्रकार का आहार उपयुक्त होगा?

ii उसके लिए संशोधित आहार बनाते समय एक आहार चिकित्सक को किन कारको पर विचार करना चाहिए?
2+2=4

31. 65 वर्षीय मोहन आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उनके परिवार में उनकी देखभाल करने वाला कोई सदस्य नहीं है।

i राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ उठाने के लिए मोहन को किन दो दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों की आवश्यकता होगी ?

ii भारत  में वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे किन्हीं तीन अन्य कार्यक्रमों के बारे में लिखिए।
2+3=5

32  क) कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए भारत में चलाए जा रहे कोई पांच पोषण कार्यक्रम लिखिए।

अथवा

5

32 ख)कुपोषण के कोई पाँच घरेलू एवं पारिवारिक स्तर के अंतर्निहित कारण लिखिए।